खाकी बनी बच्चों की दोस्त, स्कूलों का किया दौरा

वेस्ट दिल्ली, 5 सितम्बर (नवोदय टाइम्स): स्कूली बच्चों के जीवन में टीचर्स डे बड़ा ही महत्वपूर्ण दिन होता है, इसके लिए बच्चों के साथ-साथ स्कूलों के टीचर्स भी पूरी तैयारी करते हैं। लेकिन बच्चों के इस बेहद खुशनुमा दिन अगर पुलिस भी उसमें शामिल हो जाए तो जरा सोचिए, क्या होगा। जी हां उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने पूरे जिले में टीचर्स डे पर स्कूलों में जाकर बच्चों के इस उत्साह को दोगुना कर दिया।



जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी के मुताबिक, जिले में चलाए जा रहे तेजस्विनी कार्यक्रम को हमने बच्चों के इस दिन को स्कूलों में जाकर सेलिब्रेट किया है। जिले में तैनात सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को अपने-अपने स्तर पर स्कूलों में जाकर बच्चों से मिलने और उन्हें फूल व तोहफे देने की जिम्मेदारी दी गई थी।